# अभिभावकीय संरक्षण

(मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 का अनुच्छेद 7)

| | |
|---|---|
| **1.** रोगी का नाम | |
| **2.** आपके अभिभावक का<br>**2.1** नाम | |
| **2.2** पता | |
| **2.3** टेलीफोन नंबर | |
| **3.** आपके लिए ज़िम्मेदार स्थानीय सामाजिक सेवा प्राधिकरण | |

## अभिभावकीय संरक्षण क्या होता है?

मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 के अनुच्छेद 7 के तहत, यदि दो डॉक्टर इसे ज़रूरी बताएं, तो मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों की सहायता करने के लिए उन्हें एक अभिभावक प्रदान किया जा सकता है।

आपका स्थानीय सामाजिक सेवा प्राधिकरण, या सामाजिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन प्राप्त कोई व्यक्ति आपका अभिभावक हो सकता है। यदि आपका अभिभावक सामाजिक सेवा प्राधिकरण न हो, तो उसे "निजी अभिभावक" कहते हैं।

आपके अभिभावक के पास आपसे निम्नलिखित कहने की कानूनी शक्तियां हैं :

- आप किस स्थान पर रहें
- चिकित्सकीय उपचार के लिए अप्वाइंटमेंटों में जाना, निर्धारित स्थानों और निर्धारित समयों पर कार्य करना, शिक्षा या प्रशिक्षण लेना
- डॉक्टर या किसी अन्य नाम वाले व्यक्ति को आपसे मिलने की अनुमति देना।

## मुझे अभिभावक की आवश्यकता क्यों है?

दो डॉक्टर यह सोचते हैं कि समुदाय में रहने के लिए आपको मदद की ज़रूरत है क्योंकि आप मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और स्वयं अपनी कुशलता या अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए आपको अभिभावक की ज़रूरत है।

## वह कितने दिनों तक अभिभावक बना रहेगा?

अभिभावकीय संरक्षण सर्वप्रथम छः महीने तक के लिए होता है।

आपके अभिभावकीय संरक्षण को अगले छः महीनों, और इसके बाद अगले एक साल के लिए नवीकृत किया जा सकता है जबकि आपके लिए ज़िम्मेदार क्लीनिशियन या आपके लिए नामित चिकित्सकीय परिचारक ऐसा करना ज़रूरी समझते हों। यह करने से पहले वे आपसे इस बारे में बात करेंगे।

आपके लिए ज़िम्मेदार क्लीनिशियन ऐसा डॉक्टर, या अन्य व्यक्ति है, जिससे स्थानीय सामाजिक सेवा प्राधिकरण यह बताने को कहेगा कि क्या आपको अब भी अभिभावक की आवश्यकता है। यदि आपका कोई निजी अभिभावक है तो यह कार्य एक डॉक्टर द्वारा किया जाएगा जिसे आपका "नामित चिकित्सकीय परिचारक" कहा जाता है।

## क्या मैं अपील कर सकता हूं?

यदि आप अभिभावक नहीं रखना चाहते, तो आपको अपने अभिभावक, अपने सामाजिक कार्यकर्ता, अपने लिए ज़िम्मेदार क्लीनिशियन या अपने नामित चिकित्सकीय परिचारक से बात करनी चाहिए।

आप सामाजिक सेवा प्राधिकरण को लिखकर उनसे अपने अभिभावकीय संरक्षण को समाप्त करने के लिए भी कह सकते हैं। आपको अब भी अभिभावक की आवश्यकता है या नहीं, यह फैसला करने से पहले सामाजिक सेवा प्राधिकरण का कोई व्यक्ति आपसे बात करना चाह सकता है।

आपका सबसे करीबी रिश्तेदार सामाजिक सेवा प्राधिकरण से लिखित रूप में आपका अभिभावाकीय संरक्षण समाप्त करने को कह सकता है। इस पुस्तिका में आगे दिया है कि आपका सबसे करीबी रिश्तेदार कौन है।

आप न्यायाधिकरण से भी कह सकते हैं कि अब आपको अभिभावक की ज़रूरत नहीं है।

## न्यायाधिकरण क्या होता है और उससे क्या होगा?

न्यायाधिकरण एक स्वतंत्र पैनल होता है जो यह फैसला कर सकता है कि आपको अब भी एक अभिभावक की आवश्यकता है या नहीं। यह आपके साथ और आपको जानने वाले अस्पताल के स्टाफ के साथ एक बैठक करेगा। इस बैठक को "सुनवाई" कहा जाता है। यदि आप चाहें, तो आप किसी अन्य व्यक्ति से सुनवाई में अपनी सहायता करने को आने के लिए कह सकते हैं। सुनवाई से पहले, न्यायाधिकरण के सदस्य आपके और आपके अभिभावकीय संरक्षण से संबंधित रिपोर्टें पढ़ेंगे। न्यायाधिकरण का कोई सदस्य आपसे बात करने भी आएगा।

## मैं न्यायाधिकरण को कब आवेदन कर सकता हूं?

आप अपने अभिभावकीय संरक्षण के पहले छः महीनों के दौरान एक बार किसी भी समय न्यायाधिकरण के पास आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आप दूसरे छमाही के दौरान एक बार किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं, और फिर अपने जारी अभिभावकीय संरक्षण के दौरान हरेक साल में एक बार आवेदन कर सकते हैं।

यदि आप न्यायाधिकरण में आवेदन करना चाहें तो आप इस पते पर लिख सकते हैं :

The Tribunals Service
PO BOX 8793
5th Floor
Leicester
LE1 8BN फोन **0300 123 2201**

आप किसी वकील से अपने लिए न्यायाधिकरण को लिखने और सुनवाई के समय आपकी मदद करने को कह सकते हैं।
आपके सामाजिक सेवा प्राधिकरण और लॉ सोसाइटी के पास इसमें विशेषज्ञता रखने वाले वकीलों की एक सूची है। आपको इस विषय में वकील से सहायता लेने के लिए भुगतान नहीं करना होगा। कानूनी सहायता योजना के तहत यह निःशुल्क है।

## अपने सबसे करीबी रिश्तेदार को जानें

इस पुस्तिका की एक प्रति उस व्यक्ति को दी जाएगी जिसे मानसिक स्वास्थ्य कानून आपका सबसे करीबी रिश्तेदार कहता है।

मानसिक स्वास्थ्य कानून में ऐसे लोगों की एक सूची है जिन्हें आपके रिश्तेदार समझा जाता है। सामान्यतः, उस सूची में सबसे ऊपर मौजूद व्यक्ति आपका सबसे करीबी रिश्तेदार होता है। आपका सामाजिक सेवा प्राधिकरण आपको एक पुस्तिका दे सकता है जो इस बात को विस्तारपूर्वक बताती है और यह बताती है कि आपकी देखभाल और उपचार के संबंध में आपके सबसे करीबी रिश्तेदार के क्या अधिकार हैं।

आपके मामले में, हमें यह बताया गया है कि आपका सबसे करीबी रिश्तेदार है :

| |
|---|
| |

यदि आप नहीं चाहते कि इस व्यक्ति को पुस्तिका की एक प्रति प्राप्त हो, तो कृपया अपने अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता या यह पुस्तिका देने वाले व्यक्ति को बताएं।

यदि आपको लगता है कि यह व्यक्ति आपका सबसे करीबी रिश्तेदार होने के लिए उपयुक्त नहीं है, तो आप काउंटी कोर्ट में उसके बजाय किसी अन्य व्यक्ति को अपना सबसे करीबी रिश्तेदार बनाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपका सामाजिक सेवा प्राधिकरण आपको एक पुस्तिका दे सकता है जिसमें विस्तार से यह बताया गया है।

## कार्यअभ्यास संहिता

कार्यअभ्यास संहिता आपकी देखभाल में शामिल लोगों को मानसिक स्वास्थ्य कानून के बारे में सलाह देती है। आपकी देखभाल के बारे में उनके द्वारा कोई भी फैसला लेने से पहले उन्हें संहिता में कही गई बातों पर विचार करना चाहिए। यदि आप चाहें, तो आप संहिता की एक प्रति देखने के लिए कह सकते हैं।

## अधिक सहायता और जानकारी

यदि अपनी देखभाल के बारे में आप कोई बात नहीं समझ पाए हों, तो कृपया अपने अभिभावक, अपने सामाजिक कार्यकर्ता या अपनी देखभाल में शामिल किसी अन्य व्यक्ति से उस बारे में बताने को कहें। यदि इस पुस्तिका की कोई बात आप नहीं समझ पाएं हों या यदि आपके कोई ऐसे प्रश्न हों जिनके जवाब इस पुस्तिका में नहीं दिए गए हों तो कृपया उनसे इसे समझाने को कहें।

यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए इस पुस्तिका की एक और प्रति चाहते हों तो कृपया बताएं।